हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री



16 करोड़ की लागत से प्रस्तावित आधुनिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का बदलेगा ड्राइंग डिजाइन





## खबर संक्षेप

### स्कूल में हुआ नेवता भोज का आयोजन

**रायगढ़।** सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को प्रतिदिन गर्म एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को मजबूती मिल सके। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए शासन द्वारा नेवता भोजन की व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी से बच्चों को अतिरिक्त पोषक आहार उपलब्ध कराया जा सके।

इसी क्रम में पुसौर ब्लॉक के प्राइमरी स्कूल बोरोडिपा में पदस्थ प्रधानपाठक देवमती भोय की बड़ी पुत्री कुमारी खुशबू भोय के जन्मदिन के अवसर पर स्कूल के सभी बच्चों के लिए विशेष नेवता भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजनों के साथ मीठा और बड़ा परोसा गया, जिसे बच्चों ने बड़े उत्साह और प्रेमपूर्वक ग्रहण किया।

### कुष्ठ खोज अभियान का केंद्रीय टीम ने किया मूल्यांकन

**रायगढ़।** जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 15 जून से 15 जुलाई तक 30 दिवसीय सघन कुष्ठ खोज अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले में संचालित अभियान की गुणवत्ता, प्रगति एवं कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करने भारत सरकार की केंद्रीय टीम रायगढ़ पहुंची। टीम में डॉ. बालाजी एमए चेंगलपट्टू तमिलनाडु एवं आरएलटीआरआई रायपुर की सहायक निदेशक एपिडेमियोलॉजी डॉ. किरण स्वप्निल शामिल थीं। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय टीम ने जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अविनाश चंद्र से अभियान की कार्ययोजना, माइक्रोप्लान, मितानिनों द्वारा किए जा रहे सर्वे कार्य, सत्यापन दलों की कार्यप्रणाली तथा प्रभारी चिकित्सकों द्वारा की जा रही निगरानी व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात डीएनटी टीम के सदस्यों की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चपले एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर का निरीक्षण किया गया। टीम ने स्वास्थ्य केंद्रों में कुष्ठ रोगी पंजी, एमडीटी दवाओं की उपलब्धता, रोगियों के उपचार एवं फॉलोअप व्यवस्था, जांच प्रक्रिया तथा अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया।

### सट्टा पट्टी नोट कर रही महिला पकड़ी गई

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने शहीद चौक क्षेत्र में एक मकान पर छापेमार कार्रवाई कर सट्टा पट्टी नोट कर रही महिला को पकड़ा है। उसके कब्जे से मोबाइल, सट्टा लेखा-जोखा एवं नगदी रकम जब्त की गई। शहीद चौक में रहने वाली अनिता साहू अपने मकान में गुप्त रूप से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सट्टा का संचालन करने की सूचना पुलिस को मिली थी। कोतवाली पुलिस ने मकान में दबिश दी। रेड के दौरान संदेही महिला घर पर मौजूद मिली। पूछताछ करने पर उसने सट्टा.पट्टी लिखना स्वीकार किया। घर में राजधानी कल्याण के विभिन्न सट्टा अंकों की तस्वीरें सट्टा.पट्टी का रिकॉर्ड तथा हिसाब.किताब सुरक्षित मिला।

### कुछ एरिया विशेष में काफी मात्रा में किसान लगाते हैं सुगंधित धान

# सुगंधित धान बीज के लिए भटकते रहे किसान मांग के बावजूद बीज निगम नहीं कर सका आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस बार जिल के किसानों को बीज के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी है। कारण दोनों बीज निगम के प्रभारियों ने मांग के हिसाब से किसानों को बीज की आपूर्ति कर नहीं सके। खास बात यह है कि जिले के किसानों को सुगंधित धान बीज की सप्लाई ही नहीं हो सका है। जबकि कुछ ब्लॉक ऐसे हैं जहां सैकड़ों किसान इस बीज की खरीदी करते हैं। कृषि विभाग ने दोनों बीज प्रक्रिया केद्रों में मांग भेजा था, लेकिन आपूर्ति नहीं कर सके। हालात यह है कि किसानों को प्राइवेट दुकानों से दोगुनी- तीनगुनी कीमतों में सुगंधित बीज लेनी पड़ी।

रायगढ़ और पुसौर ब्लॉक में 230 क्विंटल एचएमटी धान की मांग की गई थी,



**प्राइवेट दुकानों से दोगुनी-तीनगुनी दामों में खरीद रहे किसान**

लेकिन एक दाना पूरा नहीं कर सके। इसके कारण किसानों को काफी दिक्कत हुई। दूसरी ओर सरना सब वन याने सफेद सरना भी मांग के अनुरुप पूर्ति नहीं की गई। यह बीज भी काफी कम मात्रा में पूर्ति की गई। रायगढ़ और पुसौर में ही 15 सौ क्विंटल सरना सब वन की डिमांड थी, लेकिन साढ़े 5 सौ क्विंटल की आपूर्ति की गई। ऐसे में यह बीज भी किसानों को प्राइवेट दुकानों से दोगुनी दाम में लेनी पड़ी। तमनार ब्लॉक में भी सरना सब वन की मांग 717 क्विंटल थी, लेकिन मात्र 5 क्विंटल की पूर्ति की गई। यहां भी बीज की काफी दिक्कत होने की बात कही जा रही है।

#### कहां किस बीज की ज्यादा मांग

जिले में हर ब्लॉक की मिट्टी अलग-अलग तासीर है। ऐसे में बीजों की डिमांड भी अलग-अलग रहती है। कुछ बीज जो सबसे ज्यादा डिमांड रहती है वह तो पूरी हो जाती है, लेकिन बाकी बीजों को लेकर बीज निगम गंभीर नही रहता। इसके कारण किसानों को बाहर से बीज लेनी पड़ती है। कृषि विभाग के अनुसार जिले के तमनार, खरसिया में सरना सब की डिमांड रहती है। इसी तरह रायगढ़ पुसौर में लाल सरना और 1001 बीज की ज्यादा डिमांड रहती है। धरमजयगढ़, लैलूंगा और घरघोड़ा में 1010, 1001, 1153 और 1156 की डिमांड ज्यादा रहती है, लेकिन जरुरत के हिसाब से बीज निगम आपूर्ति नहीं कर पाती है।

#### अनुदान के बाद भी लेने को तैयार नहीं

हरी खाद की बीज अनुदान में मिलने के बाद भी किसान लेने के लिए तैयार नहीं है। कारण यह तत्काल लगाने वाली बीज नहीं है। इसे दो महीने पहले लगाने की जरुरत होती है। इसके बाद उसे खेत में ही सड़ाया जाता है, लेकिन इस साल तो बारिश भी नहीं हुई। दूसरी ओर कीमत इतनी है किसान लेना ही नहीं चाहते। इसके कारण सरकार ने अनुदान दिया है, फिर भी किसान नहीं ले रहे। खास बात यह है कि हरी खाद के बढ़ावा देने के लिए सरकार लाख जतन कर रही है, लेकिन बीज की कीमत में बीते साल की तुलना में 1257 रुपए बढ़ा दिया है। याने प्रति क्विंटल 22057 रुपए में खरीदी करना पड़ेगा। इसलिए कोई किसान लेना नहीं चाहते।

## एक का तबादला, चार अनुविभाग हुए प्रभावित बदल गए एसडीएम

**रायगढ़।** जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावीए सुव्यवस्थित एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर रायगढ़ ने जिले के चार अनुविभागों में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार प्रवीण कुमार भगत को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खरसिया, भरत कौशिक को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ तथा राकेश कुमार वर्मा को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लैलूंगा पदस्थ किया गया है। वहीं वर्तमान में खरसिया के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रवीण तिवारी का स्थानांतरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा के पद पर किया गया है। नई पदस्थापनाओं से जिले के चारों अनुविभागों में प्रशासनिक कार्यों के संचालन को और अधिक गति मिलेगी।

## छाल पुलिस ने किया साढ़े 8 टन लोहे का कबाड़ जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छाल पुलिस ले 6 चक्का माजदा वाहन से लगभग 8.5 टन संदिग्ध लोहे का कबाड़ जब्त किया है। टीआई छाल को हाटी क्षेत्र से एक 6 चक्का ट्रक में बड़ी मात्रा में लोहे का स्क्रैप भरकर छाल होते हुए घरघोड़ा की ओर ले जाने की सूचना मिली थी।

पुलिस ने बैरियर पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की सघन जांच शुरू की। इस दौरान महिंद्रा 6 चक्का वाहन क्रमांक सीजी 12 बीडी 1623 को रोककर तलाशी ली गई। वाहन में तिरपाल के नीचे विभिन्न प्रकार के लोहे के स्क्रैप, एंगल, टीना एवं अन्य कबाड़ सामग्री लोड मिली। चालक से परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह कोई वैध



अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। चालक ने अपना नाम तौफिक खान पिता असलम खान 19 निवासी सरस्वती स्कूल के पास चौकी सीएसईबी जिला कोरबा बताया। 8 टन 500 किलोग्राम लोहे का स्क्रैप, कीमत 2 लाख परिवहन में प्रयुक्त महिंद्रा 6 चक्का वाहन जिसकी कीमत लगभग 20 लाख को जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 35, क, 35,ड तथा धारा 303,2 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## 195 दिन से डीएड अभ्यर्थियों का चल रहा अनशन, भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सहायक शिक्षक भर्ती 2023 के तहत 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर रायगढ़ सहित प्रदेशभर के डीएड अभ्यर्थियों का आंदोलन लगातार जारी है। इस बीच वित्त मंत्री ओपी चौधरी से कुछ अभ्यर्थी उनके आवासीलने पहुंचेए जहां उन्होंने अपनी नियुक्ति की मांग की। उनका कहना था कि पिछले 195 दिनों से नया रायपुर स्थित धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन कर रहे हैं। किंतु लंबे समय से आंदोलनरत रहने के बावजूद सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। डीएड अभ्यर्थियों ने राज्य सरकार पर उनकी मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उनका कहना



है कि युवाओं को रोजगार देने के दावों के बावजूद भर्ती प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जा रही हैए जिससे हजारों प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के भविष्य पर अनिश्चितता बनी हुई है। प्रदेश के कई जनप्रतिनिधियों ने उनकी मांगों का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को अनुशंसा पत्र सौंपे हैं, लेकिन इसके बावजूद भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी है। अभ्यर्थियों ने वित्त मंत्री पर नियुक्ति प्रक्रिया में विलंब का आरोप लगाया है। इन दौरान उन्होंने अपनी समस्याओं से वित्त मंत्री को अवगत भी कराया। डीएड संघर्ष समिति का कहना है कि जिन 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग की जा रही हैए वे पूर्व से स्वीकृत पद हैं और इन पर पहले भी नियुक्तियां हो चुकी हैं। समिति ने सरकार द्वारा बजट संबंधी तर्कों पर सवाल उठाते हुए कहा कि पदों को भरने के लिए अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा।

#### 1076 डायल सेवा में शिकायत दर्ज कराने का दावा

अभ्यर्थियों ने बताया कि उन्होंने राज्य सरकार की 1076 डायल सेवा के माध्यम से भी अपनी मांगों को लेकर शिकायतें दर्ज कराई हैं। उनका आरोप है कि बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। संघर्ष समिति के अनुसार 7 जून को रायगढ़ के 200 से अधिक डीएड अभ्यर्थियों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी के कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज कराया था। अभ्यर्थियों का कहना है कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## डीएमएफ से 4 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ द्वारा स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा एवं कौशल विकास से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ 13 लाख 82 हजार 400 से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इन कार्यों के पूर्ण होने से जिले के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी, पेयजल उपलब्धता में सुधार आएगा तथा शिक्षा एवं तकनीकी प्रशिक्षण की अधोसंरचना को नई मजबूती मिलेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में धरमजयगढ़ क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण स्वीकृति प्रदान की गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा के निर्माण एवं उन्नयन कार्य के लिए 2 करोड़ 80 लाख स्वीकृत किए गए हैं। नागरिकों को

#### जिले में जनसुविधाओं का बढ़ेगा दायरा

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी।

ग्राम गोरपार में 25 केएल सम्पवेल के माध्यम से पेयजल व्यवस्था विकसित करने के लिए 6 लाख 47 हजार 700 ग्राम शहपुर में नलकूप खनन, रॉ.वॉटर पंप एवं पाइपलाइन विस्तार के लिए 9 लाख 94 हजार ग्राम नवापारा में इसी प्रकार के कार्यों के लिए 5 लाख 32 हजार रुपए ग्राम पुसल्दा में 8 लाख 45 हजार रुपए तथा ग्राम नंदगांव में 25 केएल सम्पवेल आधारित पेयजल व्यवस्था के लिए 6 लाख 47 हजार 700 की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## जिले के 33 हजार किसानों को मिली 113.47 करोड़ की अग्रिम सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरीफ सीजन की शुरुआत में किसानों को आर्थिक संसाधनों की कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए कृषि आदानों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसी क्रम में जिले के 33 हजार 17 किसानों को 79 प्राथमिक कृषि साख समितियों के माध्यम से 82.19 करोड़ की अग्रिम कृषि सहायता उपलब्ध कराई गई है।

वहीं किसानों को 31.28 करोड़ मूल्य के खाद एवं बीज उपलब्ध कराए गए हैं। इस प्रकार जिले के किसानों तक अब तक 113.47 करोड़ रुपए की अग्रिम सहायता पहुंचाई जा चुकी है। समय पर मिली इस सहायता से किसानों को खेती की तैयारियों में बड़ी राहत मिली है और खरीफ फसलों की बुवाई को नई गति मिली है।



#### कहां कितने किसानों को मिला फायदा

जिले के सभी ब्लॉकों में किसानों को समान रूप से लाभान्वित किया गया है। रायगढ़ ब्लॉक की 14 समितियों के माध्यम से 6,113 किसानों, पुसौर की 15 समितियों से 6,487 किसानों, खरसिया की 12 समितियों से 8,575 किसानों, धरमजयगढ़ की 15 समितियों से 4,898 किसानों, घरघोड़ा की 5 समितियों से 1,432 किसानों, तमनार की 10 समितियों से 3,228 किसानों तथा लैलूंगा की 8 समितियों से 2,284 किसानों को अग्रिम कृषि सहायता उपलब्ध कराई गई है। इससे किसानों को समय पर कृषि कार्य प्रारंभ करने के लिए आवश्यक संसाधन प्राप्त हुए हैं।

## कर्ज चुकाने के बाद भी 10 लाख की मांग, किसान ने की एसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा क्षेत्र के ग्राम भेंड्रा निवासी एक किसान ने प्रेमनगर भेंड्रा निवासी बिलाल अहमद पर मारपीट, धमकी, जबरन वसूली और कार पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। पीड़ित ने मामले में एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता गजपती राम राठिया ने एसएसपी को दिए आवेदन में बताया है कि उन्होंने निजी जरूरतों के चलते बिलाल अहमद से 3 लाख 50 हजार उधार लिए थे। इसके बाद आरोपी लगातार उन पर दबाव बनाता रहा और धमकाकर उनकी जमीन बिकवाने के लिए मजबूर किया। जमीन बेचने के बाद उन्होंने आरोपी को कुल 4 लाख 30 हजार का भुगतान कर दिया, जबकि मूल उधार राशि 3 लाख 50 हजार थी।

किसान का आरोप है कि पूरी रकम लौटाने के बावजूद आरोपी अब उनसे 10 लाख की मांग कर रहा है और पैसे नहीं देने पर लगातार धमकी दे रहा है। यहां तक कि आरोपी ने उनकी कार क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 4132 को लगभग सात माह तक अपने कब्जे में रखा था, जबकि वाहन की मासिक किस्तें लगातार पीड़ित द्वारा जमा की जाती रहीं। बीते 10 जून को वाहन वापस मिलने के बाद अब पुनः आरोपी द्वारा मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपी के विरुद्ध मारपीट, धमकी, जबरन वसूली, धोखाधड़ी और वाहन पर अवैध कब्जे के मामले में विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करनेए कार वापस दिलाने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### स्कूल में ड्रेस भी करता है बिक्री, बीईओ की जांच में हुआ खुलासा, मान्यता होगी रद्द

# चैतन्य स्कूल खुद का चलाता है किताब, दिखा रहा ठेंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्राम बाम्हनपाली स्थित श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल अंग्रेजी माध्यम शासन-प्रशासन को ठेंगा दिखा रहा है। यहां सरकारी कायदे काननू नहीं प्रबंधन खुद तय करता है कानून। इसका ताजा उदाहरण खरसिया बीईओ की जांच में सामने आया है। स्कूल प्रबंधन स्वयं की प्रकाशन की पाठ्यपुस्तकों और कॉपियों का सीधे विद्यार्थियों एवं पालकों को विक्रय किया जाता है। पुस्तकों और कॉपियों पर विद्यालय का नाम मुद्रित रहता है। इसके साथ ही स्कूल परिसर में ही विद्यार्थियों को गणवेश भी बेचा जा रहा था, जबकि शिक्षा के अधिकार अधिनियम एवं शासन के निर्देशों के अनुसार इस प्रकार की व्यवस्था स्वीकार्य नहीं है। जांच में यह भी सामने आया कि विद्यालय में अध्ययनरत



अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लगभग 230 विद्यार्थियों में से किसी भी छात्र-छात्रा को छात्रवृत्ति योजना का लाभ नहीं मिला। स्कूल द्वारा एक भी पात्र विद्यार्थी की छात्रवृत्ति स्वीकृत नहीं कराई गई, जिससे शासन की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना का क्रियान्वयन पूरी तरह प्रभावित पाया गया। यह सब खरसिया बीईओ के जांच के दौरान खुलासा हुआ है।

#### पोर्टल में बढ़ा दिया दर्ज संख्या

जांच के दौरान यू.डाईस प्लस पोर्टल में दर्ज विद्यार्थियों के आंकड़ों में भारी गड़बड़ी सामने आई है। स्कूल में कक्षा 9वीं, 10वीं में वास्तविक रूप से मात्र 10-10 छात्र ही अध्ययनरत हैं, जबकि पोर्टल पर कक्षा 9वीं में 66 तथा कक्षा 10वीं में 33 विद्यार्थियों की ऑनलाइन प्रविष्टि दर्ज थी। जांच में यह तथ्य सामने आया कि अन्य विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के नाम फर्जी तरीके से दर्ज कर उनके पेन ;परमानेंट एजुकेशन नंबरद्ध एवं अपार आईडी तैयार किए गए। टीसी मांगे जाने पर विद्यालय प्रबंधन अनावश्यक रूप से टालमटोल करता है और समय पर टीसी जारी नहीं करता। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों से इनफिनिटी मोबाइल एप्लीकेशन के नाम पर पाठ्यपुस्तकों के साथ 1300 से 2000 तक अतिरिक्त राशि वसूले जाने की भी पुष्टि जांच में हुई।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444



# नए सितारों से सजी 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर सामने आ चुका है। इसमें सस्पेंस है, थ्रिल है और एक्शन भी है। मर्डर मिस्ट्री और लव ट्रायएंगल सहित इस फिल्म में कई दिलचस्प ट्विस्ट हैं। इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का निर्देशन इंद्र दास ने किया है। इसे एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ ने प्रोड्यूस किया है। रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर में आज की तकनीक और इंटरनेट की दुनिया के जीवन पर हो रहे नकारात्मक असर को दिखाने की भी कोशिश की गई है।



लाइफ Style

# कृति

## मैंने करवा लिए एग्ज फ्रीज

एक्टर कृति सेनन ने बताया है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'मिमी' की तैयारी के दौरान अपने एग्स फ्रीज करवाने का फैसला किया था। उन्होंने इसे अपने लिए लिए गए 'सबसे समझदारी भरे' फैसलों में से एक बताया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह फैसला फिल्म के लिए उनके फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन (शारीरिक बदलाव) के समय के साथ मेल खाता था, इसलिए यह प्रोसेस करवाने का यह सबसे सही मौका था। 35 साल की एक्ट्रेस ने बताया कि एग फ्रीजिंग से अक्सर ब्लोटिंग (पेट फूलना) और हार्मोनल बदलाव होते हैं। चूंकि उन्हें 'मिमी' फिल्म में अपने रोल के लिए वजन बढ़ाना था, इसलिए उन्हें लगा कि यही सही समय है जब वे यह प्रोसेस करवा सकती हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जिन्होंने मुझे बताया कि अगर आप कर सकती हैं, तो यह आपके लिए सबसे अच्छी चीज है। यह सबसे अच्छा तोहफा है जो आप खुद को दे सकती हैं। यह बात मेरे दिमाग में रही। फिर, जब मुझे वजन बढ़ाने के लिए कहा गया, तो मुझे लगा कि यही सही समय है'। एक्ट्रेस ने इस प्रोसेस के इमोशनल और फिजिकल असर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस की वजह से काफी हार्मोनल बदलाव हुए और इसे करवाते समय उन्हें कई तरह की भावनाएं महसूस हुईं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका मानना है कि जिंदगी के बड़े फैसले समाज की उम्मीदों के बजाय अपनी निजी तैयारी के आधार पर लिए जाने चाहिए।

## हॉलीवुड मसाला



# पार्टी रॉक एंथम के लिए थीं मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर लॉरेन बेनेट का 37 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह 'पार्टी रॉक एंथम' में अपनी परफॉर्मेंस और जीएलआर की फाउंडिंग मेंबर के तौर पर जानी जाती थीं। उनके बैंड के साथियों ने एक भावुक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। बैंड ने उनके जीवन व योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। लॉरेन बेनेट ने अपने म्यूजिक करियर की शुरुआत 2006 में यूनाइटेड किंगडम में 'द एक्स फैक्टर' के तीसरे सीजन से की थी।



# लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी 52 ब्लू...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया अपनी पहली इंटरनेशनल फीचर फिल्म '52 ब्लू' के प्रीमियर के लिए तैयार हैं। यह फिल्म मशहूर लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा है। इसका यूरोपियन प्रीमियर 9 जुलाई को बीएफआई साउथबैंक में होगा। नेहा की शानदार परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को पॉजिटिव फीडबैक मिला है। दर्शकों और रिव्यूअर्स, दोनों ने ही फिल्म की इमोशनल गहराई की तारीफ की है, जिससे '52 ब्लू' इस साल फेस्टिवल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली स्क्रीनिंग में से एक बन गई है। नेहा धूपिया ने इस खास पल के बारे में बात करते हुए अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा ''52 ब्लू' मेरे लिए हमेशा एक बेहद खास फिल्म रहेगी क्योंकि यह मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है।



# ताज जीतने के 50 साल पूरे, मनाया जश्न

**नई दिल्ली।** पूर्व ब्यूटी क्वीन नफीसा अली ने मिस इंडिया का ताज जीतने के 50 साल पूरे होने की खुशी मनाई है। इस खुशी में नफीसा ने सोशल मीडिया पर कई पुरानी तस्वीरें साझा की हैं और इसके साथ ही एक खास नोट भी लिखा है। नफीसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई पुरीनी तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों के साथ नफीसा ने कैप्शन में लिखा, '50 साल पहले मुझे 'मिस इंडिया' का ताज पहनाया गया था।' उन्होंने 1976 में यह खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने टोक्यो में हुए 'मिस इंटरनेशनल 1976' कॉम्पिटिशन में भारत का नाम रोशन किया था और वहां वह सेकंड रनर-अप रही थीं। 69 साल की नफीसा अली ने 2018 में स्टेज 3 के पेट और ओवरी के कैंसर से जंग लड़ी और उसे हराया। अप्रैल 2026 में उन्होंने अपनी सर्जरी के निशान और कीमोथेरेपी की बातें भी फैंस के साथ साझा की थीं।



# इंसानों व कुत्तों के बीच रिश्ते की कहानी

**मुंबई।** अमित राय अपनी अगली फिल्म 'ओह माय डॉग' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'ओह माय गॉड 2' का निर्देशन किया था। उनकी नई फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में इंसानों और कुत्तों के बीच बिना शर्त प्यार और वफादारी की एक कहानी की झलक दिखती है। टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन के मशहूर गाने 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, एक किस्सा सुनो' से होती है, जो तुरंत पुरानी यादें ताजा कर देता है। साथ ही कहानी की मासूमियत, अपनापन और इमोशनल गहराई को खूबसूरती से दिखाता है। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'ओह माय डॉग' में माही राय, पंकज त्रिपाठी, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा, सुलक्षणा बरुआ और विजय मिश्रा नजर आएंगे।

## टीवी मसाला



# पति के 10 अफेयर हों तो भी उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में नजर आ रही हैं और साथ ही अपने बयानों से जमकर सुर्खियां भी बटोर रही हैं। इसी शो के दौरान सुनीता ने अपने पति गोविंदा को लेकर एक ऐसी बात कही है, जिसे सुनकर इस शो के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख भी दंग रह गए। उन्होंने कहा है कि चाहे उनके पति गोविंदा के दस महिलाओं के साथ संबंध ही क्यों न हों, वह उन्हें कभी नहीं छोड़ेंगी। सुनीता ने यह बात नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में कही, जिसे फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर आईं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने सुनीता के उन पुराने बयानों पर बात की। इस पर सुनीता भड़क गईं और उन्होंने शिल्पा से कहा कि लोगों को पहले उनकी जगह रहकर देखना चाहिए, उसके बाद ही कोई राय बनानी चाहिए। सुनीता ने कहा, 'जब यह सब आपके साथ होगा, तब आपको समझ आएगा कि मैं किस दौर से गुजरी हूं। यह मेरी जिंदगी है और मैं जो चाहूंगी, वही करूंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'गोविंदा मेरा पति है, अगर वह 10 जगह भी अफेयर करेंगे, तो भी मैं उसे नहीं छोड़ूंगी। मैं अपनी आखिरी सांस तक उससे प्यार करूंगी।' बाद में सुनीता ने शो के दूसरे कंटेस्टेंट राम कपूर से भी शिल्पा शिंदे की शिकायत की। उन्होंने गुस्से में कहा, 'शिल्पा मुझे उकसा रही है।

## शिवांगी को रोता देख आग-बबूला हुए हर्षद

**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप 2' इन दिनों झगड़ा, विवादों की वजह से चर्चा में है। इस रियलिटी शो में हाल ही में एक बड़ा हंगामा हुआ। इंफ्लुएंसर श्रेया



कालरा की वजह से एक्ट्रेस शिवांगी जोशी फूट-फूटकर रोईं। शिवांगी को ऐसे देखकर उनके दोस्त और पुराने को-एक्टर हर्षद चोपड़ा का पारा चढ़ गया। हर्षद श्रेया से लड़ने के लिए शो में दौड़ पड़े थे। 'लॉकअप 2' के वायरल वीडियो में हर्षद चोपड़ा के सामने शिवांगी रो रही हैं। वह बताती हैं कि उन्होंने श्रेया से सच में पूछा कि क्या उनकी तबियत खराब है। इस पर श्रेया ने शिवांगी के साथ बदतमीजी से बात की। इससे वह दुखी हो गईं और हर्षद चोपड़ा और आकांक्षा चमोला के सामने रोने लगीं। यह देखकर हर्षद गुस्से में श्रेया को तलाशने के लिए दौड़ पड़े। ऐसे में शिवांगी और आकांक्षा ने हर्षद को किसी तरह से रोका। इस दौरान काफी शोर-शराबा हुआ, जिसे सुनकर बाकी प्रतियोगी भी एक जगह पर आ गए।

# आवारापन 2 का पहला गाना जुनून रिलीज

## सुबोध ने दी है आवाज....

**मुंबई।** आवारापन 2 के निर्माताओं ने मंगलवार को इमरान हाशमी की फिल्म का पहला गाना जुनून रिलीज कर दिया है। इस गाने के बोल शहीद कादरी ने लिखे हैं और मिथुन ने कंपोज किया है। इस गाने को गायक सुबोध शर्मा ने गाया है। इस गाने में इमरान हाशमी से लेकर दिशा पाटनी और श्रेया सरन की खास झलक देखने को मिली। फिल्म 'आवारापन 2', 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में इमरान हाशमी और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में श्रेया सरन का भी अहम रोल है। इमरान ने इंस्टाग्राम पर अपने इस गाने को साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'इस आवारापन के जुनून में होना है तबाह।' एक यूजर ने लिखा, 'इस गाने की रचना थोड़ी 'सैयारा' से मिलती जुलती लग रहा है' दूसरे यूजर ने लिखा, 'श्रेया सरन के पुराने सींस को देखकर अच्छा लगा।' एक और यूजर ने लिखा, 'आवारापन के गानों की बात ही अलग थी' एक यूजर ने इमरान के लिए लिखा, 'अक्खा बॉलीवुड एक तरफ और इमरान हाशमी एक तरफ'। एक और यूजर ने लिखा, 'शिवम वापस आ गया है'। एक और यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म को कोई नहीं रोक सकता, पहले दिन ही हिट हो जाएगी'।



# 1975 में बैन कर दी गई थी फिल्म सिक्किम 1971

**नई दिल्ली।** आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बारे में जिसका काफी ज्यादा ऐतिहासिक महत्व है। यह फिल्म तब बनी जब सिक्किम भारत का हिस्सा भी नहीं था। इसे बनाया था लीजेंडरी फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने। इस फिल्म की रिलीज के बाद इस पर विवाद हो गया और भारत सरकार ने इसे बैन कर दिया। लोग इस फिल्म का नाम तक भूल गए थे, लेकिन फिर साल 2010 में इसे फिर से रिलीज किया गया और इस मूवी ने तहलका मचा दिया।

***सत्यजीत रे साहब ने खोल दी पोल :*** बात साल 1971 की है जब सिक्किम के राजा ने उस दौर के आइकॉनिक फिल्ममेकर रहे सत्यजीत रे से विनती की, कि वह उनके ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं। क्योंकि ,सत्यजीत रे साहब सच्ची और पक्की फिल्ममेकिंग में मानते थे, इसलिए उन्होंने सिक्किम के तत्कालीन राजा के राज्य के बारे में लगभग सब कुछ दिखा डाला। यानि उन्होंने इस डॉक्यूमेंट्री में उनके राज्य की अच्छाइयां और बुराइयां तो दिखाई हीं, साथ ही



साथ विदेशी पर्यटकों की हालत और राजसी परिवार और आम लोगों की जिंदगी में कितना फर्क है यह भी दिखाया।

***भारत सरकार ने लगा दिया था बैन :*** कहानी में ट्विस्ट तब आया जब साल 1975 में सिक्किम राज्य भारत का हिस्सा बन गया। सिक्किम 22वें राज्य के तौर पर भारतीय गणराज्य का हिस्सा बना और जब इतना सारा राजनीतिक उठापटक चल रहा था, तो इस बीच सत्यजीत रे की यह डॉक्यूमेंट्री विवादों में घिर गई। सरकार ने इसे बैन कर दिया और लोग मानने लगे कि यह फिल्म पूरी तरह नष्ट कर दी गई है। सरकार ने भी राहत की सांस ली, वक्त बीतता गया और फिर कई दशक बाद ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट को एक डैमेज्ड प्रिंट मिला। इस प्रिंट में क्या था?

### साल 2010 में फिर से हुई रिलीज

इस प्रिंट में सत्यजीत रे की वही डॉक्यूमेंट्री थी, जिसने उस दौर में तहलका मचा दिया था। एकेडमी फिल्म आर्काइव ने दोबारा इस पूरी फिल्म को रीस्टोर किया और फिर साल 2010 में सरकार ने इस पर लगाया गया बैन हटा दिया। यानि अब अगर आप चाहें तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म को बेधड़क देख सकते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर यह फिल्म थी कौन सी? तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का नाम था 'सिक्किम 1971'। इसका टाइटल काफी सीधा सा रखा गया था और लेकिन इसका कॉन्टेंट काफी डीप था।

## पुरुष समाज का दर्द दिल किया है बयां, हर किसी की आंखें कर दी थीं नम

# रफी ने गाया था यह दर्द भरा गीत, कल्ट क्लासिक है 56 साल पुराना गाना

*नई दिल्ली। सिनेमा जगत के महान गायक के तौर पर आज भी मोहम्मद रफी को जाना जाता है। अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने हर किस्म के गीतों को आवाज दी थी और उन्हें अमर किया था। लेकिन, सैड सॉन्ग के मामले में रफी साहब एक अलग दर्जे के सिंगर के तौर पर पहचाने जाते थे। इसी आधार पर आज हम आपको मोहम्मद रफी द्वारा गाया एक ऐसे कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सबसे सर्द भरे गीत के तौर भी जाना जाता है।*

### किसने तैयार किया गाना

बात की जाए फिल्म हीर रांझा के ये दुनिया ये महफिल की मेकिंग की तो मोहम्मद रफी की गायिकी के अलावा इसकी धुनों को मशहूर संगीतकार मदन मोहन अपने धुनों पर तैयार किया था, जबकि इसके लिरिक्स को कैफी आजमी गीतकार ने लिखा था। इस तरह से ये कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग रेडी हुआ था।





### 1970 में रिलीज हुई थी हीर रांझा

जब मोहम्मद रफी सैड सॉन्ग गाते थे, तो मानों ऐसा लगता कि उन्होंने सच में अपने दिल का दर्द आवाज में उतार के रख दिया है। उनकी आवाज से गाने की खूबसूरती और बढ़ जाती थी, जिसे सुनने के बाद दिल और आंखें भरा आती थी। ऐसा ही करिश्मा रफी साहब ने साल 1970 में रिलीज होने वाली फिल्म हीर रांझा के एक गीत के लिए किया था।

### राज कुमार पर फिल्माया गया गाना

जब उन्होंने ये दुनिया ये महफिल... गीत गाया था। अभिनेता राज कुमार पर फिल्माया गया मोहम्मद रफी का ये गाना आज भी बॉलीवुड के बेस्ट एवर सैड सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गाने को सुनने के बाद यकीनन तौर पर आपकी भी आंखें भर आएंगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो पुरुष समाज का दर्द दिल बयां करने के लिए रफी साहब के ये दुनिया ये महफिल को जाना जाता है। इस वजह से ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है। अगर आप भी मोहम्मद रफी के गानों को सुनना पसंद करते हैं तो यकीनन तौर पर आपकी प्लेलिस्ट में ये दर्द भरा गीत जरूर शामिल होगा।

## खबर संक्षेप

### सीएम कैंप कार्यालय की मदद से मिली मुआवजा राशि

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निजी निवास स्थित सीएम कैंप कार्यालय बगिया में की गई एक संवेदनशील पहल से आकाशीय बिजली गिरने से मृत व्यक्ति के परिजनों को बड़ी राहत मिली है। पीड़ित परिवार ने मुआवजा राशि लंबित होने पर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद राजस्व विभाग ने प्रकरण का परीक्षण कराया। जांच रिपोर्ट के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा मृतक के आश्रित संजय कुजूर (ग्राम झिक्की, तहसील बगिया, जिला जशपुर) के पक्ष में 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत करने की अनुशंसा करते हुए प्रकरण कलेक्टर जशपुर को भेजा गया,जिसके बाद परिजनों को 4 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है।

### बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने 8 उड़नदस्ता गठित

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी द्वितीय मुख्य व अवसर परीक्षा 2026 के सुव्यवस्थित संचालन एवं परीक्षा केन्द्रों में नकल रोकने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री रोहित व्यास ने जिले में 8 उड़नदस्ता दल गठित किए हैं। परीक्षा 8 से 22 जुलाई तक प्रातः 9 से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रत्येक तहसील के लिए एक-एक उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जशपुर दल के प्रभारी विश्वास राव मस्के अनुविभागीय अधिकारी (रा.), मनोरा के प्रभारी नीतू भगत तहसीलदार, दुलदुला के प्रभारी राहुल कौशिक तहसीलदार, कुनकुरी के प्रभारी नन्दजी पाण्डेय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), फरसाबहार के प्रभारी ओंकारेश्वर सिंह अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कांसाबेल की प्रभारी आस्था चन्द्राकार तहसीलदार, बगीचा के प्रभारी प्रदीप कुमार राठिया अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं पत्थलगांव के प्रभारी ऋतुराज सिंह बिसेन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) होंगे। प्रत्येक दल में तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। जिला प्रशासन ने सभी दल प्रभारियों को शासकीय वाहन का उपयोग कर परीक्षा समाप्ति के पश्चात निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### जिले में 61.8 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से 8 जुलाई 2026 तक 2035.0 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 08 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 2772.9 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 61.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैः तहसील जशपुर में 184.3 मिमी, मनोरा में 301.4 मिमी, कुनकुरी में 250.0 मिमी, दुलदुला में 173.2 मिमी, फरसाबहार में 128.0 मिमी, बगीचा में 147.0 मिमी, काँसाबेल में 204.5 मिमी, पत्थलगाँव में 217.1 मिमी, सन्ना में 283.3 मिमी एवं बागबहार में 146.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 301.4 मिमी दर्ज की गई है। 08 जुलाई को सर्वाधिक बगीचा तहसील में 11.7 मिमी वर्षा हुई।

### क्षेत्र में नीलगिरी पेड़ों की अवैध कटाई, जांच के निर्देश

**राजपुर।** सिधमा क्षेत्र में नीलगिरी पेड़ों की कथित अवैध कटाई का मामला सामने आया है। पिछले कुछ दिनों से बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों को ईंट भट्ठे के पास एकत्रित किया जा रहा है। इसके बाद इन्हें भारी वाहनों के माध्यम से दूसरे राज्यों में भेजे जाने की चर्चा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना वैध अनुमति के पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है।

## कालाबाजारी रोकने जिले में चल रहा कृषि विभाग का अभियान

# बिना लाइसेंस उर्वरक बेचने पर कार्रवाई, 141 बोरी खाद जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अवैध विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि के नेतृत्व में कृषि विभाग द्वारा जिले में लगातार सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार को विकासखंड बगीचा के ग्राम चम्पा में कृषि विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 141 बोरी उर्वरक जब्त किया।

■ नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: कलेक्टर

उप संचालक कृषि एमआर भगत ने बताया कि वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लालसाय केरकेट्टा, कृषि विकास अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक क्रुसलीना मिंज तथा संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की संयुक्त टीम ने ग्राम चम्पा में नईम अख्तर के निवास पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 25 बोरी डीएपी, 10 बोरी एसएसपी तथा 106 बोरी यूरिया सहित कुल 141 बोरी उर्वरक बिना किसी वैध बिल अथवा दस्तावेज के भंडारित पाया गया। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित व्यक्ति द्वारा बिना वैध उर्वरक लाइसेंस के खाद का विक्रय किया जा रहा था। वैध दस्तावेज एवं लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कृषि विभाग ने समस्त उर्वरक को जब्त कर सुपुर्दनामा तैयार करते हुए उसके विक्रय पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच पूर्ण होने के उपरांत संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार पुलिस में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री व्यास के निर्देश पर जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, नकली उर्वरकों की बिक्री तथा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बिक्री रोकने के लिए जिला स्तरीय टीम सभी विकासखंडों में लगातार निरीक्षण कर रही है। कृषि विभाग ने चेतावनी दी है कि उर्वरक नियंत्रण आदेश एवं संबंधित अधिनियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यापारी अथवा व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग ने किसानों से भी अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही खाद-बीज खरीदें, खरीदारी के समय बिल अवश्य प्राप्त करें तथा कालाबाजारी, जमाखोरी या अधिक मूल्य पर उर्वरक बिक्री की जानकारी तत्काल कृषि विभाग को दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जा सके।



### बिक्री पर लगा प्रतिबंध

निरीक्षण के दौरान ग्राम सुलेसा, विकासखंड बगीचा में मनोज जायसवाल द्वारा बिना लाइसेंस उर्वरक का विक्रय किया जाना पाया गया। इस पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के खंड-28 के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए 35 बोरी डीएपी, 10 बोरी सुपर फॉस्फेट तथा 7 बोरी यूरिया सहित कुल 52 बोरी उर्वरक जब्त किया गया एवं सुपुर्दनामा कर उनके विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। इसी प्रकार विकासखंड बगीचा के सन्ना स्थित किसान कृषि केंद्र में बिना पीओएस मशीन के उर्वरक विक्रय किया जाना पाया गया। इस पर 27 बोरी डीएपी उर्वरक जब्त कर उसके विक्रय पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## ग्रामीणों को दी गई विकसित भारत पंचायत प्लान की जानकारी



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के निर्देशन में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों, तकनीकी सहायकों, संबंधित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की।

रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को विकसित भारत - रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत उपलब्ध रोजगार,कार्य की मांग, समयबद्ध रोजगार और भुगतान के प्रावधान, मजदूरी भुगतान प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही वीबीजी रामजी अंतर्गत लागू नवीन मजदूरी दर 300 रुपये प्रतिदिन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए अधिकाधिक श्रमिकों से रोजगार कार्यों में सहभागिता करने का आग्रह किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार ने कहा कि ६रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का उद्देश्य केवल योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र परिवार तक शासन की योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाना है।

वीबीजीरामजी के अंतर्गत बढ़ी हुई 300 रुपए प्रतिदिन मजदूरी दर से ग्रामीण श्रमिकों को अधिक आर्थिक संबल मिलेगा। जल संरक्षण के कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित कर हम भविष्य की जल सुरक्षा, कृषि समृद्धि और सतत ग्रामीण विकास की मजबूत नींव रख सकते हैं। विकसित भारत पंचायत प्लान के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत को योजनाबद्ध, सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकासोन्मुख बनाने की दिशा में सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि समन्वित रूप से कार्य करें तथा सक्रिय सहभागिता निभाने व ग्राम पंचायतों के समग्र विकास में सहयोग करने की अपील की है।

## संत पॉल स्कूल में विद्यार्थी मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण

**जशपुरनगर।** संत पॉल इंग्लिश मीडियम स्कूल, बघिमा में बुधवार को विद्यार्थी मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल बैंड की मधुर धुन के साथ हुई, जिसके बीच नवनिर्वाचित विद्यार्थी प्रतिनिधियों को मंच तक लाया गया।



समारोह में सुशील लकड़ा ने प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए सभी पदाधिकारियों का परिचय कराया तथा विद्यार्थी नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद स्कूल के प्राचार्य नीलम टोप्पो, मैनेजर मॉरिस कुजूर, उप प्राचार्य, शाला नायक, शाला नायिका एवं शिक्षक प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य नीलम टोप्पो ने नवनिर्वाचित विद्यार्थी मंत्रिमंडल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान अनमोल खलखो ने शाला नायक, आयुषका तिग्गा ने शाला नायिका, जॉनी कुजूर ने उप शाला नायक तथा रितु एक्का ने उप शाला नायिका के रूप में शपथ ली। इनके साथ अन्य 32 छात्र-छात्राओं ने भी विभिन्न जिम्मेदारियों का दायित्व संभाला। सिस्टर सुशीला पन्ना ने सभी पदाधिकारियों को बैज प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शीतल बेक ने व आभार अनमोल एवं सुगिया ने प्रदर्शित किया।

## मृतकों के परिजन के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि पर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 2 प्रकरणों में कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा कुल 8 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील दुलदुला के ग्राम जुड़वाई निवासी मथियस टोप्पो की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नी फुजयंती गुलाब टोप्पो को कुल 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

## नवाटोली में श्रीजी परिवहन सुविधा केन्द्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय के नवाटोली में श्रीजी परिवहन सुविधा केन्द्र का शुभारंभ उप पुलिस महानिरीक्षक डीआईजी डॉ . लाल उमेद सिंह के द्वारा किया गया।

■ 5 लोगों को वितरित किए गए लर्निंग लाइसेंस

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को परिवहन विभाग द्वारा दी जा रही विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि इस नवीन केन्द्र के माध्यम से ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन संबंधी सेवाओं एवं अन्य परिवहन सेवाओं का लाभ आम नागरिकों को सरल एवं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर कुल 05 पात्र आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस एवं हेलमेट वितरित किए गए। अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने, वैध ड्राइविंग लाइसेंस के साथ वाहन चलाने तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, परिवहन सुविधा केन्द्र के संचालक, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। नवीन केन्द्र के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को परिवहन संबंधी सेवाएं अब स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी।



## कर्मचारियों की सुविधा के लिए नगर पंचायत ने बांटे रेनकोट



**जशपुरनगर।** नगर की सफाई व्यवस्था, जल निकासी और अन्य आवश्यक सेवाओं को बारिश के दौरान भी सुचारु बनाए रखने के लिए नगर पंचायत ने कर्मचारियों को रेनकोट वितरित किए। नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील की पहल पर आयोजित कार्यक्रम में कर्मचारियों को रेनकोट प्रदान कर उनके कार्यों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का परिचय दिया गया। बरसात के मौसम में नगर पंचायत के सफाईकर्मी और मैदानी कर्मचारी सबसे अधिक चुनौतियों का सामना करते हैं। तेज बारिश के बीच नालियों की सफाई, जलभराव की स्थिति से निपटना और नगर की व्यवस्था बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी होती है। ऐसे में कर्मचारियों को सुरक्षित और सुविधाजनक माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई। रेनकोट वितरण कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी बसंत बुनकर एवं वार्ड पार्षद दीपक केरकेट्टा, जयंत लकड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## जिला जेल में ज्ञान योग शिविर का शुभारंभ

**जशपुरनगर।** बालाछापर स्थित ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा जिला कारागार जशपुर में निरुद्ध बंदियों के नैतिक, आध्यात्मिक एवं मानसिक उत्थान के उद्देश्य से सात दिवसीय ज्ञान योग एवं राजयोग ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में कारावासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग ध्यान का लाभ प्राप्त किया।



कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र बालाछापर की संचालिका बीके सरिता बहन सहित संस्थान की बहनों की सक्रिय एवं संपूर्ण सहभागिता रही। अपने संबोधन में बीके सरिता बहन ने कहा कि राजयोग ध्यान मनुष्य को आत्मिक शांति, सकारात्मक सोच एवं आत्मबल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति मूल रूप से शांति, प्रेम और आनंद स्वरूप आत्मा है। जब व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानकर परमात्मा से योग जोड़ता है तो उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने लगते हैं। उन्होंने उपस्थित बंदियों को जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने, आत्मचिंतन करने तथा नशामुक्त एवं संस्कारयुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला कारागार अधीक्षक एसएल ठाकुर की उपस्थिति रही। अपने संबोधन में उन्होंने ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा संचालित इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कारागार केवल दंड का स्थान नहीं बल्कि व्यक्तित्व सुधार एवं पुनर्वास का केंद्र भी है। ऐसे आध्यात्मिक एवं नैतिकता आधारित कार्यक्रम बंदियों के मानसिक तनाव को कम करने तथा उनमें सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी बंदियों से शिविर का पूर्ण लाभ लेने का आह्वान किया। शिविर के दौरान राजयोग ध्यान का अभ्यास, नैतिक मूल्यों पर आधारित प्रेरणादायी सत्र तथा आत्मिक जागरूकता से संबंधित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## बच्चों को बांटी गई खेल सामग्री



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोजन के तहत 6 जुलाई को समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र में जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार ने अपने बेटे प्रखर कुमार के जन्म दिवस के अवसर पर दिव्यांग स्कूल जशपुर में न्योता भोजन का आयोजन किया गया और बच्चों को खेल सामग्री, कापी, कंपास बाक्स बच्चों को भेंट किया गया। बच्चों ने उत्साह से न्योता भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक धर्मेन्द्र कुमार साहू वरिष्ठ प्रबंधक श्रवण कुमार भगत समाज कल्याण विभाग के सहायक अधीक्षक वेद प्रकाश कुलदीप और शिक्षक शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि न्योता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्योहारों या अवसरों जन्मदिन, वर्षगांठ और राष्ट्रीय पर्व पर स्कूलों आश्रम छात्रावास के बच्चों के लिए न्योता भोजन करवाया जा सकता है।

## खराब मौसम में एक घंटे तक आसमान पर उड़ती रही दिल्ली की फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मूसलाधार बारिश के बीच सोमवार को दृश्यता कम होने के कारण मां महामाया एयरपोर्ट पर दिल्ली-अम्बिकापुर फ्लाइट की लैंडिंग नहीं हो सकी। मौसम साफ होने एवं दृश्यता बढ़ने के इंतजार में फ्लाइट एक घंटे तक आसपास के क्षेत्रों में आसमान पर उड़ान भरती रही। दृश्यता बढ़ने पर काफी विलम्ब से एयरपोर्ट पर हवाई जहाज की सुरक्षित लैंडिंग हुई तो अधिकारी-कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

सोमवार को एलाइंस एयर ने दिल्ली-अम्बिकापुर फ्लाइट के शेड्यूल में बदलाव किया था। फ्लाइट दिल्ली से सुबह 7.20 बजे की जगह बदले शेड्यूल के अनुसार सुबह 11.20 बजे रवाना हुई। फ्लाइट बिलासपुर से शाम 5.15 बजे अम्बिकापुर पहुंची। इस दौरान आसमान पर घने बादल छाने एवं मूसलाधार बारिश होने के कारण दृश्यता कम होने के कारण मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा पर फ्लाइट की लैंडिंग नहीं हो सकी। हवाई जहाज में अम्बिकापुर के 30 से अधिक यात्री सवार थे इसलिए चालक दल पर यात्रियों का दबाव भी था। इसके एक सप्ताह पूर्व भी एलाइंस एयर ने दिल्ली-अम्बिकापुर फ्लाइट का शेड्यूल बदला था तथा अम्बिकापुर में बारिश होने के कारण दरिमा एयरपोर्ट पर फ्लाइट की लैंडिंग नहीं हो सकी थी। फ्लाइट यात्रियों को लेकर वापस बिलासपुर लौट गई थी। इस दौरान यात्रियों ने जमकर हंगामा मचाया था। मौसम साफ होने एवं दृश्यता बढ़ने के इंतजार में फ्लाइट एक घंटे तक आसमान पर उड़ती रही। इस दौरान फ्लाइट मैनपाट, सीतापुर, राजपुर आदि क्षेत्रों के ऊपर उड़ान भरती रही इस दौरान दृश्यता बढ़ने पर एक घंटे विलम्ब से फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग हुई तो अधिकारियों एवं यात्रियों ने राहत की सांस ली। बरसात के मौसम में दोपहर बाद आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने एवं बीच-बीच में बारिश होने की संभावना है। ऐसे में शाम में फ्लाइट की लैंडिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है। संयोग रहा कि दोनों दिन फ्लाइट के शेड्यूल में बदलाव करने के कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हुई।



### छात्राओं को वितरित की गई साइकिल

**बाराद्वार।** नगर पंचायत नया बाराद्वार के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र के अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव और सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। स्कूल पहुंचे नए छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742






**खबर संक्षेप**

### डिप्टी कलेक्टर उमेश बने सारंगढ़ एसडीएम

**बरमकेला।** जिले में प्रशासनिक व्यवस्था के तहत जिले के विभिन्न अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन सारंगढ़ अनुविभाग में हुआ है। आदेश के अनुसार डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू को सारंगढ़ का एसडीएम का प्रभार दिया गया है। वहीं, वर्तमान एसडीएम वर्षा बंसल को कार्यालय में भेजा गया है। कलेक्टर का यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है तथा उमेश साहू शीघ्र ही अपने नए पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण करेंगे।

यह नियुक्ति कई मायनों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि उमेश साहू पहले से ही सारंगढ़ में डिप्टी कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने राजस्व प्रशासन, जनसुनवाई, निर्वाचन, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, अतिक्रमण संबंधी मामलों, लोक सेवा गारंटी तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई है।

### लोगों ने की योजनाओं से लाभ देने की मांग

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कलेक्टर जनदर्शन में जिले के नागरिकों से उनके मांग, शिकायत के आवेदन स्वीकार किए। इन आवेदनों में पीएम आवास के प्रतीक्षा सूची में नाम जोड़ने, पीएम आवास मांग, राशन कार्ड में नाम जोड़ने और नाम हटाने, पीएम ज्योति दुर्घटना बीमा, भूमिहीन, महतारी वंदन, पीएम मातृ वंदना, पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ देने, ग्राम भोथली में मुक्तिधाम, ट्राईसायकल और पेंशन की मांग तथा कब्जा हटाने, मारपीट, धमकी की शिकायत आदि शामिल थे।

### पीएमश्री के छात्राओं को मिली साइकिल



**तमनार।** तमनार पीएमश्री शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय 6 जुलाई को नगर पंचायत अध्यक्ष अश्विनी पटनायक के हाथों विद्यालय के नवप्रवेशी 26 छात्राओं को सरस्वती सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के व्याख्याता सुशील कुमार बोहिदार द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती सायकल योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने शासन की अन्य योजनाओं जैसे मध्यान्ह भोजन, पाठ्यपुस्तक वितरण एवं निरूशुल्क गणवेश वितरण की जानकारी दी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अश्विनी पटनायक, क्षेत्र की जनपद सदस्या गीतांजली पटनायक, शाला विकास समिति के श्यामा उरांव तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

### जिले में 231.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में 7 जुलाई तक 231.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 20.9 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 354.2 मिली मीटर, पुसौर में 223.2, खरसिया में 203.7, घरघोड़ा में 148.7, तमनार में 338, लैलूंगा में 200.6, मुकडेगा में 159.8, धरमजयगढ़ में 153.7, छाल में 207.2 एवं कापू में 323 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से हुआ इलाज



**रायगढ़।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आरबीएसके के तहत समय पर की गई स्वास्थ्य जांच ने ग्राम बोडाझरिया के दो वर्षीय देवांशु बंजारा के जीवन में नई रोशनी भर दी। जन्मजात मोतियाबिंद से पीड़ति इस मासूम की बीमारी की समय रहते पहचान होने से उसका सफल निःशुल्क ऑपरेशन संभव हो सका और अब वह सामान्य रूप से अपने आसपास की दुनिया को देख पा रहा है।

## वित्त मंत्री ने दिए संशोधन कर अंतिम स्वीकृति के लिए भेजने के निर्देश

# 16 करोड़ की लागत से प्रस्तावित आधुनिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का बदलेगा ड्राइंग डिजाइन



मौके पर निरीक्षण में पहुंचे वित्तमंत्री और अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जिले में प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने का निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विजयपुर में प्रस्तावित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, जीवनदायिनी केलो नदी के खर्रा घाट में विकसित किए जा रहे मैरीन ड्राइव तथा जेल परिसर स्थित पुराने भवन के स्थान पर प्रस्तावित व्यवसायिक परिसर निर्माण की कार्ययोजना का अवलोकन किया।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने विजयपुर में लगभग 16 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के लिए चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सेंटर की ड्राइंग एवं डिजाइन में आवश्यक संशोधन करते हुए इसे अधिक उपयोगी एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक सुधारों के बाद प्रस्ताव को शीघ्र अंतिम स्वीकृति के लिए विभाग को भेजा जाए, ताकि निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ हो सके। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से रायगढ़ जिले में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा और नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा।

### खर्राघाट में क्या-क्या बनेगा

वित्त मंत्री ने केलो नदी के खर्रा घाट में लगभग 30 करोड़ की लागत से विकसित किए जा रहे मैरीन ड्राइव का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि मैरीन ड्राइव रायगढ़ की पहचान बनने वाली परियोजना है। इसके माध्यम से न केवल खर्रा घाट का सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि नागरिकों को मनोरंजन एवं पर्यटन की बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। परियोजना के अंतर्गत घाट का विकास, गजीबो, आरसीसी पाथवे, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, प्रोमेनेड, फूड कोर्ट, बाह्य विद्युतीकरण सहित अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्य किए जाएंगे।

### डिस्मेंटल होगा जेल व्यवसायिक परिसर

वित्त मंत्री ने जेल परिसर स्थित पुराने भवन का निरीक्षण कर उसे डिस्मेंटल करने के उपरांत वहां प्रस्तावित नए व्यवसायिक परिसर के निर्माण संबंधी कार्ययोजना का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना की सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर नियमानुसार आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि शहर को आधुनिक व्यवसायिक अधोसंरचना उपलब्ध कराई जा सके।

### मनोनित पार्षदों के शपथ में शामिल हुए ओपी

नामनिर्दिष्ट पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह में वित्त मंत्री मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने नामनिर्दिष्ट पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नामनिर्दिष्ट पार्षद नगर निगम क्षेत्र के समग्र विकास तथा नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।





# जांबिया के राजनयिक प्रतिनिधि मंडल ने जेपीएल का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जाम्बिया गणराज्य के उच्च स्तरीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल ने जिंदल पावर प्लांट तमनार का दौरा किया। यह दौरा भारत और जाम्बिया दोनों देशो के बीच ऊर्जा, खनन तथा औद्योगिक विकास के क्षेत्र में बढ़ते सहयोग और आपसी संबंधों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्रीमती मोनिका चिपांटा म्वांसा, चार्ज डी अफेयर्स ने किया। उनके साथ सुश्री आइरीन अकोंबेल्वा अपुलेनी, प्रथम सचिव आर्थिक एवं व्यापार भी उपस्थित रहीं। जाम्बिया के इस उच्च स्तरीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल के जिंदल पावर पहुंचने पर जिंदल के अधिकारियों ने प्लांट परिसर में उनका स्वागत किया। जाम्बिया के प्रतिनिधिमंडल ने प्लांट के विभिन्न परिचालन ईकाइयों का निरीक्षण किया और जिंदल पावर के विद्युत उत्पादन प्रक्रियाओं, पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे पहलों, सतत विकास, डिजिटल संचालन और सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। प्लांट के ईडी वेंकटरेड्डी व अन्य अधिकारियों ने एक एक जानकारी प्रतिनिधि मंडल को दी।

### ऊर्जा और आर्थिक विकास के संबंध में हुई चर्चा

जाम्बिया के उच्च स्तरीय राजनयिक प्रतिनिधि मंडल के साथ जिंदल पावर के अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में ऊर्जा अवसंरचना की आर्थिक विकास में भूमिका विशय पर सार्थक चर्चा हुई। चर्चा के दौरान जिंदल पावर और जाम्बिया के बीच ऊर्जा एवं खनन क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विचार विमर्ष किया गया। कार्यकारी निदेषक वेंकट रेड्डी ने कहा कि जाम्बिया के उच्च स्तरीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल का प्लांट में आना गर्व की बात है।

# टीआई ने छात्रों को दिए जरूरी कानूनी टिप्स

**पुसौर।** पुसौर पुलिस ने क्षेत्र के 120 गांवों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ साथ युवाओं को अपराधों से बचाने के लिए स्कूलों में जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में बीते मंगलवार को पुसौर थाना प्रभारी टीआई हर्षवर्धन सिंह अभिनव स्कूल पहुंचे और अंग्रेजी व हिंदी मीडियम के छात्रों को कई अहम कानूनी जानकारियां दीं।



छात्रों को संबोधित करते हुए टीआई ने कहा कि मोबाइल का उपयोग आप किस मंशा से करते हैं उसका पूरा रिकॉर्ड गूगल में दर्ज हो जाता है। मोबाइल चलाने वाले व्यक्ति की हर गतिविधि का डेटा सुरक्षित रहता है जिससे उसके व्यक्तित्व का पता चलता है। उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल का इस्तेमाल केवल पढ़ाई के लिए करें। मनोरंजन करना है तो खेल का सहारा लें इससे शारीरिक और मानसिक विकास भी होगा। यातायात नियम और साइबर ठगी से सावधानी को लेकर टीआई ने यातायात सुरक्षा पर बात करते हुए कहा कि स्कूल के कई बच्चे बिना लाइसेंस के तेज गति से बाइक चला रहे हैं। बिना लाइसेंस वाहन चलाना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। यदि अत्यंत आवश्यक हो तो भी हेलमेट और अन्य सुरक्षा उपायों के साथ ही वाहन चलाएं ताकि माता पिता को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने साइबर ठगी से बचने के टिप्स देते हुए कहा कि अनजान नंबरों से आने वाले कॉल को सावधानी से लें। यदि बात करें भी तो अपनी व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी किसी से साझा न करें। बालिकाओं की सुरक्षा और अवैध शराब पर सख्ती को लेकर बालिकाओं को संबोधित करते हुए टीआई ने कहा कि अपनी सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए लोगों से व्यवहार करें। गुड टच और बैड टच की पहचान कर उससे उससे बचने की बात कही।

### वित्त मंत्री ने सुनी कार्यकर्ताओं की समस्याएं 100 आवेदनों पर मंथन

**रायगढ़।** प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रबल प्रताप सिंह जूदेव एवं प्रदेश महामंत्री अशोक बजाज के साथ मिलकर 300 से अधिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों की समस्याएं सुनीं। श्री चौधरी ने मीडिया से चर्चा के दौरान संपर्क-संवाद-समाधान की थीम पर संचालित इस केंद्र का उद्देश्य जमीनी कार्यकर्ता से संवाद स्थापित कर उनके समस्याओं का समाधान करना है। कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें व्यक्तिगत, सामाजिक, प्रशासनिक और क्षेत्रीय समस्याएं शामिल थीं। उन्होंने कहा, सभी ने खुलकर अपनी बातें रखीं। हमने प्रत्येक आवेदक से संपर्क कर संवाद किया और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों से तत्काल बात कर प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# जिले के किसानों को कृषि वैज्ञानिकों ने दी सलाह, 30 तक पूरी करें रोपाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्तमान मौसम खरीफ फसलों, विशेषकर धान की बुआई और रोपाई के लिए अनुकूल है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे मौसम का पूरा लाभ उठाते हुए समय पर कृषि कार्य पूरा करें, ताकि उत्पादन पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। वैज्ञानिकों ने बताया कि इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव के कारण मानसून सामान्य समय से देर से पहुंचा, जिससे जून माह में औसत से लगभग 40 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई।



हालांकि जुलाई के पहले सप्ताह में लगातार बारिश होने से रायगढ़ जिले सहित अधिकांश मैदानी क्षेत्रों में खेतों में पर्याप्त जल उपलब्ध हो गया है। ऐसे में जहां नर्सरी तैयार है वहां मचाई कर तुरंत धान की रोपाई शुरू कर देनी चाहिए। जिन किसानों के पास नर्सरी उपलब्ध नहीं है, वे लेही पद्धति से अंकुरित बीजों की बुआई ड्रम सीडर या छिटकवा विधि से कर सकते हैं। जिले के किसानों को सलाह दी है कि जो किसान धान की सीधी बुआई करते हैं, वे 15 जुलाई तक यह कार्य पूरा कर लें। वहीं रोपाई एवं बियासी पद्धति अपनाने वाले किसान 30 जुलाई तक रोपाई कर लें।

# कृत्रिम पैर ने लौटाई बबीता की जिंदगी की रफ्तार



**रायगढ़।** 27 वर्षीय बबीता यादव के जीवन में अब फिर से उम्मीद, आत्मविश्वास और मुस्कान लौट आई है। जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल और त्वरित सहयोग ने उन्हें न केवल कृत्रिम पैर उपलब्ध कराया, बल्कि फिर से सामान्य जीवन जीने का संबल भी दिया।

जिले के ग्राम मुरालपाली निवासी बबीता यादव के साथ पिछले वर्ष एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई थी। घटना के बाद उनके बाएं पैर में गंभीर संक्रमण हो गया, जो धीरे धीरे हड्डियों तक पहुंच गया। चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद संक्रमण को नियंत्रित करना संभव नहीं हो सका और अंततः 27 जनवरी 2025 को उनका बायां पैर काटना पड़ा। उन्होंने प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी और कलेक्टर से कृत्रिम पैर लगवाने के लिए सहायता का निवेदन किया। कलेक्टर ने सहानुभूतिपूर्वक उनके आवेदन पर तत्काल दो लाख रुपए की सहायता स्वीकृत की तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कृत्रिम पैर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बबीता यादव के लिए आधुनिक कृत्रिम पैर लगवाया गया। कृत्रिम पैर लगने के बाद उनके जीवन में उल्लेखनीय बदलाव आया है।

# सांसद, विधायक के माध्यम से कर्मचारी संघ सौंपेगा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

घरघोड़ा संघ के प्रदेश प्रबंधकारणी के निर्णय अनुसार प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा 10 जून को ध्यानाकर्षण ज्ञापन पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालय एवं विकासखंड मुख्यालय में सोपा गया था, परंतु आज तक इस संबंध में कोई घोषणा शासन द्वारा नहीं की गई है। 7 जुलाई से 11 जुलाई के मध्य एक पूरे प्रदेश में सांसद एवं विधायक के माध्यम से 6 सूत्रीय मांग उनके निवास पर या प्रवास के दौरान सौंपा जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कृषि विभाग शासकीय कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य संयोजक संघ, आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ निः शक्त कर्मचारी अधिकारी संघ, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी पेंशनर एसोसिएशन मिलकर अपना ज्ञापन सांसद एवं विधायक को सौपेंगे।

# अभिनव स्कूल के वेदांश और सूरज का जिला स्तर के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर





ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पुसौर मुख्यालय के विभिन्न स्कूलों के साथ साथ अभिनव स्कूल अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के छात्रों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने खेल कौशल का परिचय दिया। इसी मेहनत का परिणाम रहा कि ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में वेदांश कसेर और सूरज साव ने बाजी मार ली।

जानकारी के अनुसार ब्लॉक स्तर पर कुल 15 खिलाड़ियों के बीच मुकाबले हुए। कड़े मुकाबलों के बाद वेदांश और सूरज के उम्दा प्रदर्शन के चलते दोनों का चयन जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित दोनों छात्र अब अपनी शतरंज प्रतिभा का प्रदर्शन जिला मुख्यालय रायगढ़ में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे।

### चिटफंड कंपनी के संचालक को 10 साल का सश्रम कारावास

**जांजगीर-चांपा।** चिटफंड कंपनी विनायक होम्स रियल स्टेट कंपनी के संचालक को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। आरोपी द्वारा रकम दुगुना करने का लालच देकर ठगी की गई थी। मामले में विशेष न्यायाधीश जयदीप गर्ग ने फैसला सुनाया है। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2013 में रामकिशुन यादव को चिटफंड कंपनी विनायक होम्स रियल स्टेट कंपनी मे पैसा जमा करने पर विशेष आफर योजना के अंतर्गत साढ़े छः साल में पैसा दो गुना होने का लालच दिया गया।

## स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की उपलब्धि

# सर्पदंश से गंभीर बच्चों की डॉक्टरों ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति चिकित्सालय, रायगढ़ ने विषैले सर्पदंश से जूझ रहे पाँच गंभीर बाल रोगियों का सफल उपचार कर उन्हें नया जीवन दिया है। अत्यंत नाजुक स्थिति में अस्पताल पहुंचे इन बच्चों में से तीन को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखना पड़ा, जबकि गंभीर मामलों में 50 वायल तक एंटी स्नेक वेनम एएसवी का उपयोग किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकीय देखरेख, आधुनिक पीआईसीयू सुविधाओं और सतत उपचार के परिणामस्वरूप सभी बच्चे पूरी तरह स्वस्थ होकर आज चिकित्सालय से डिस्चार्ज किए गए।



बाल्य एवं शिशु रोग विभाग तथा पीआईसीयू में भर्ती पाँचों बच्चों में चार न्यूरोटॉक्सिक तथा एक हेमोटॉक्सिक सर्पदंश का मामला था। इनमें तीन करैत, एक कोबरा और एक वाइपर के दंश से पीड़ित थे। सभी को गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था, जहाँ तत्काल आपातकालीन उपचार शुरू किया गया। सबसे संवेदनशील मामला धरमजयगढ़ के दो सगे भाइयों 7 वर्षीय वीर कुमार और 12 वर्षीय लोकेश राठिया का था। एक जुलाई की रात सोते समय दोनों को करैत ने गर्दन पर काट लिया। सुबह तक दोनों में गंभीर न्यूरोपैरालिटिक विषाक्तता विकसित हो चुकी थी और उनकी स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो गई थी। सक्ती जिले के हासौद निवासी 7 वर्षीय मंजू को कोबरा ने पैर में काट लिया था, जिससे पैर में गंभीर सूजन और फफोले बन गए। वहीं रायगढ़ के 5 वर्षीय हितेश ढंगर को वाइपर के दंश से रक्तस्त्राव और रक्त के थक्के बनने की प्रक्रिया प्रभावित हो गई थी। कलमी निवासी 7 वर्षीय हर्षित प्रजापति को भी सोते समय करैत ने काट लिया था, जिससे उसे गंभीर न्यूरोटॉक्सिक विषाक्तता हो गई। अस्पताल पहुंचने पर अधिकांश बच्चों में पलकें झुकना, बोलने और निगलने में कठिनाई, मांसपेशियों में कमजोरी तथा श्वसन विफलता जैसे गंभीर लक्षण दिखाई दे रहे थे। तीन बच्चों को तत्काल पीआईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। वाइपर दंश से पीड़ित बालक में रक्तस्त्राव एवं कोगुलोपैथी की स्थिति को विशेषज्ञ निगरानी में नियंत्रित किया गया। सभी मरीजों को आवश्यकता अनुसार 50 वायल तक एंटी स्नेक वेनम, आधुनिक गहन चिकित्सा, निरंतर मॉनिटरिंग और आवश्यक जांचों के साथ चौबीसों घंटे उपचार उपलब्ध कराया गया।

